अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनांक '25–07–2015 को वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम. (पास) के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. इसके पश्चात् प्राचार्य महोदय का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित कर महाविद्यालय का परिचय दिया साथ ही महाविद्यालय के नियमों से अवगत करवाते हुए उनके भावी जीवन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी साथ ही यह भी बताया की +2 के बाद विद्यार्थी स्वयं को उनमुक्त समझता है लेकिन महाविद्यालय शिक्षा आपको आत्म बोध व दायित्व का बोध भी करवाती है. डॉ० नरेश कामरा द्वारा यू.जी.सी. छात्रवृतियों, एड ऑन कोर्स व कल्याणकारी योजनाओं (सामान्य व अल्पसंख्य) के विषय में एवं महाविद्यालय मे उपस्थिति तथा परीक्षा उत्तीर्ण करने के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइ का परिचय श्रीमती रितु (एन.एस.एस. प्रभारी) द्वारा दिया गया. पुस्तकालय एवं ई–पुस्तकालय के प्रयोग संबंधी जानकारी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ० रामचन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को दी गई. सांस्कृतिक गतिविधियों और विभिन्न समितियों की जानकारी श्रीमती शोभना गोयल द्वारा दी गई. इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे. कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को कॉलेज बैग और जलपान का वितरण किया गया.